Regarding textbooks, I find that the information contained in textbooks is not proper. I even find that in geography textbooks maps are incorrect and in history textbooks something is written which is not proper or which is many a time wrong. It is very necessary that the States should have the monopoly to print these textbooks. These textbooks should be neat and the cost of these textbooks should be low. The unhealthy competition that we find at the primary stage with regard to textbooks in a number of places is such that it creates bad blood. There is corruption and also nepotism. We should avoid that. Therefore either the States or the Centre should prepare and print these textbooks and provide them to the students.

Then, I would invite the attention of the hon. Minister to agriculture

[Shri M. L. Jadhav]

and would appeal to him that it is very necessary, if you want to be self-sufficient in food, if you want more production and if you want that our farmers should be educated, that we should have more agricultural colleges. We should have more agricultural universities and these universities and colleges should not be only theoretical. Professors and students in these colleges and universities should go to the fields and should help and assist the farmer to have better yield. In a number of matters they should advise the farmers and should work on the field. Unless and until we improve the education of our farmers and their children, it is very difficult, however we may try, to have better and more yield and to make our country self-sufficient. I urge that agriculture should be given importance and the farmers should be given scientific knowledge and practical training so that the yield and the produce of our land can be improved.

The last point that I would urge is about language. I feel that we cannot continue with English at all stages. English may be a link language. Our national language is Hindi. We have not been able to implement the introduction of Hindi. After the passing of the Constitution in the last 15 years we have failed to introduce Hindi that is spoken by the common man, that is, colloquial Hindi. The Hindi that we find in the official language is a difficult one. I would appeal that Hindi should be introduced. It should be popularised. It should be more simple and we should see that Hindi develops throughout the nation so that the unity of the nation may be preserved.

With these remarks I support the Demands of the Ministry.

Mr. Chairman: Swami Rameshwaranand.

Shri S. N. Chaturvedi: (Firozabad): May I draw your attention to the fact that not a single speaker from UP has spoken from this side? UP is a most backward State.

श्रीमती सहोदराबाई राय : सभापति महोदया, महिलाओं को मौका दिया जाये, क्योंकि उन को इस के बारे में अधिक ज्ञान है ।

श्री सिंहासन सिंह (गोरखपुर) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है । मैं ने कुछ दिन पहले यह व्यवस्था का प्रश्न उठाया था कि सदन में जो माननीय सदस्य खड़े हों, उन में से जो आपका ध्यान आकर्षित कर सके, उसी को बोलने के लिये बुलाना चाहिए, न कि किसी लिस्ट के आधार पर बुलाना चाहिए । मैं ने देखा है कि कुछ माननीय सदस्य खड़े हुए, लेकिन जो माननीय सदस्य खड़े नहीं हुए आप ने किसी लिस्ट के आधार पर उन को बुलाया है । अध्यक्ष महोदय ने इस बात को स्वीकार कर लिया था और उन्होंने इस विषय में एक व्यवस्था भी दी थी । इसलिए इस लिस्ट की प्रथा को दूर करना चाहिए । मैं ने देखा है कि जो माननीय सदस्य आप से पहले चेयर पर थे, वह आप को कुछ नाम दे आए और आप उसी के आधार पर चल रही हैं । मैं समझता हूं कि यह व्यवस्था बदलनी चाहिए ।

Mr. Chairman: I have caught your your point. There are a number of ways in which hon. Members are called upon to speak—sometimes by the chits received and also sometimes when they catch the eye of the Speaker. That is not excluded.

Shri Sinhasan Singh: The rule provides only for catching the eye.

Mr. Chairman: I have followed point of order.

श्री रामेश्वरानन्द :

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन यस्मिन् देवा : अधिविश्वे निसेदु,

यस्तन्न वेद किं ऋचा करिष्यति ।

सभापति महोदया, यह वेद मंत्र शिक्षा का महत्व बड़े स्पष्ट रूप से बताता है । जिस शिक्षा में अपना ज्ञान नहीं है, परमेश्वर का ज्ञान नहीं है, वह शिक्षा शिक्षा नहीं है । उस शिक्षा के बारे में शास्त्रों ने कहा है :

यथा खरश्चन्दन भारवाही भारस्य वेत्ता न तु चंदनस्य

एवम् हि शास्त्राणि बहूनि अधीति चार्थेषु मूढ़ा: खरवत् वहन्ति ।

जैसे गधा महाराज चन्दन का बोझ ले कर चलता है, तो वह बोझ को समझता है— वह चन्दन लाद कर ले जा रहा है, यह नहीं समझता है । वही स्थिति उन लोगों की है, जो बहुत से शास्त्रों को पढ़ लेते हैं, परन्तु उन के अर्थ, अर्थात् आत्मा और परमात्मा, को नहीं जानते । आज की शिक्षा यह है कि हम क्या हैं, पता नहीं है, परमेश्वर क्या है, पता नहीं है और यह संसार सब कुछ है । जब तुम हो ही नहीं, तो कौन बताता है कि यह सब कुछ है, यह संसार है । इसलिए यह शिक्षा मेरे देश के लिए वस्तुत: बहुत हानिप्रद है ।

जब तक हमारे देश में प्राचीन शिक्षा नहीं आती, तब तक हमारे देश का कभी कल्याण नहीं हो सकता है । आज जो अंग्रेजी के चार अक्षर अधिक पढ़ लेता है, वह अधिक पैसा मांगता है, वह अधिक ऊंचा स्थान मांगता है । लेकिन प्राचीन शिक्षा में यह है कि जो अधिक से अधिक पढ़ा-लिखा होगा वह अधिक से अधिक त्यागी और तपस्वी होगा, कर्तव्य-परायण और ईमानदार होगा ।

इस शिक्षा प्रणाली में जिस ने अधिक से अधिक पढ़ लिया वह इस दुनिया भर में लोफर, लफंगा हो गया, वह जो भी चाहे अनाचार कर सकता है । वह सीख कुछ नहीं सकता है । यह शिक्षा प्रणाली मनुष्यता नहीं सिखाती है ।

मेरे कथन से आदरणीय शिक्षा मंत्री जी अप्रसन्न न हो जायें, यह मैं उन से निवेदन करना चाहता हूं । लेकिन अगर हो भी जायेंगे तो मेरा कौन सा [illegible] वर्षा के पानी के रह जाएगा । उन्होंने अंग्रेजों से शिक्षा ग्रहण की, अंग्रेजी में दक्ष हुए और अंग्रेज़ों के जमाने में वह उन के राज्य की जड़ें मजबूत किया करते थे हम लोगों को जेल भेज भेज कर । आज वह बदल गए हैं । वह आज शिक्षा मंत्री हो गए हैं । संस्कृत भाषा का क्या महत्व है, यह मैं आप को बतलाता हूं । संस्कृत हमें वास्तविक ज्ञान सिखाती है और यह जो अंग्रेजी है यह उस कुक्कड़ की तरह से है, जो इधर उधर खेतों में दौड़ता फिरता रहता है । संस्कृत का ज्ञान हमारे देश के लिए लाभ-दायक है, अंग्रेजी का नहीं है । मैं मंत्री महोदय के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि उन्हों ने कितना रुपया संस्कृत पर व्यय किया है । इस के मुकाबले में दूसरों पर कितना व्यय किया है । एक संस्था चल रही है जिस का नाम है जामा मिलिया इस्लामिया । इस संस्था को आप देखें कि कितना रुपया दिया गया है । 1961–62 में इस को 5 लाख 80 हजार दिया गया था, 1962–63 में 5 लाख 90 हजार दिया गया था, 1963–64 में 8 लाख 50 हजार दिया गया था, 1964–65 में 11 लाख दिया गया था और 1965–66 में चौदह लाख देने का विचार है । अब आप देखें कि संस्कृत के लिये आप ने कितना खर्च किया है और उस के लिये आप क्या कर रहे हैं । मैं चाहता हूं कि जो पुस्तिका आप ने हमें दी है, उस के पृष्ठ 89 को आप पढ़ लें । उस में लिखा है कि संस्कृत की उन्नति के लिये स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों/संस्थाओं को वित्तीय सहायता देने की योजना के अन्तर्गत अब तक 1 लाख 2 हजार रुपये के अनुदान दिये गये हैं । इतनी ही राशि अभी तक आप दे सके हैं । बड़ा दान किया है आप ने ।

अब आप गुरुकुलों की बात को भी देखें । गुरुकुलों की संख्या हिन्दुस्तान में एक

[श्री रामेश्वरानन्द]

सैकड़ा ही नहीं बल्कि सैकड़ा से भी अधिक है। उन के बारे में आप ने लिखा है कि गुरुकुलों को वित्तीय सहायता देने की योजना के अन्तर्गत गुरुकुलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान करने हेतु, गुरुकुलों को अब तक 1,13,250 रुपये के अनुदान दिये गये हैं। यह है आप की गुरुकुलों के प्रति, संस्कृत के प्रति भक्ति की भावना। यह है आप की देशभक्ति का दृष्टांत। यह उस भाषा का हाल है जो कि पौने दो अरब वर्षों से इस देश की भाषा रही है और जो अंग्रेजों के ही या आप के ही शासन काल से नहीं आई है। मैं कहता हूं कि हमारे शासकों ने यदि संस्कृत को राष्ट्र भाषा मान लिया होता तो न दक्षिण में इस का कोई विरोध हुआ होता और न ही उत्तर में हुआ होता। एक भाषा में हम देश को बांध सकते थे। लेकिन बांधें कैसे? बांधता कौन ?

हमारे मंत्री महोदय अंग्रेजी में पढ़े लिखे हैं, उस में दीक्षित हुए हैं। आज वह अंग्रेजी की बड़ाई करते हैं और कहते हैं कि अंग्रेजी जरूर रहेगी। क्यों नहीं रहेगी? जब तक आप लोग बैठे हैं गद्दियों पर अंग्रेजी जरूर रहेगी। मुझे आश्चर्य तो तब हुआ जब हमारी कम्युनिस्ट सदस्या श्रीमती रेणु चक्रवर्ती ने कहा कि हिन्दी या संस्कृत में कोई काम काज नहीं होना चाहिये। क्यों नहीं होना चाहिये? क्या बात है? क्या कागज जल जायेंगे या तेजाब उन में लग जाएगा या उन में आग लग जाएगी? संस्कृत और हिन्दी वे भाषाएं हैं जैसा मैं ने कहा जिन में पौने दो अरब वर्षों से लिखा पढ़ी होती रही है अंग्रेजों के राज्य के उपरान्त से ही नहीं और इन के लिए इतना ही धन व्यय करना क्या न्यायसंगत है? आप चाहते हैं कि प्रान्तीय भाषाएं सबल हों। कैसे वे सबल हो सकती हैं। प्रान्तीय भाषायें जब तक अंग्रेजी रहेगी, यह मौसी रहेगी तब तक इस देश में सबल नहीं हो सकेंगी, तब तक इस देश में यह प्रान्तीय रूपी बालिकायें पनप नहीं सकेंगी। यह मौसी बड़ी खतरनाक है। यह मेरा ही कहना नहीं है। अंग्रेजी का एक केन्द्र आप ने हैदराबाद में खोला है, उस के प्रबन्धक डायरेक्टर महोदय जिन का नाम काक्सटन है, उन्होंने कहा है कि भारत में जितनी अनुशासनहीनता होती है वह सब अंग्रेजी की कृपा से होती है।

इस अंग्रेजी की और क्या क्या कृपा हम पर हुई है, इस को भी आप देखें। यह मेरे पास एक चित्र है जिस में एक विदेशी महिला बच्चों को नाच सिखा रही है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या कभी ऐसा नंगा नाच मेरे देश में हुआ है। क्या कभी इस प्रकार से ऐसी शिक्षा बच्चों को मिला करती थी। मैं आशा करता हूं कि मंत्री महोदय जब उत्तर देंगे तब वह इस का भी उल्लेख अवश्य अपने भाषण में करेंगे। आप ने संस्कृत के लिए जो अनुदान दिया है वह तो "न" के बराबर ही दिया है। लेकिन अंग्रेजी के लिए आप क्या नहीं कर रहे हैं। यह जो चित्र है इस को सभापति महोदया अगर आज्ञा देंगी तो मैं पटल पर भी रख दूंगा। इस नाच आदि में बीसियों लाख रुपये व्यय आप कर चुके हैं। यह सब कुछ रिपोर्ट में लिखा हुआ है कि किस किस को आप ने दिया है। यह नाचना मेरे देश के किस काम आयेगा। क्या इस से सड़कें बनती हैं, नहरें खुदेंगी अथवा इस से सेना मजबूत हो जाएगी। किस काम आएगा यह नाच? अगर नहीं आएगा तो क्यों इतना रुपया आप इस पर लगा रहे हैं? मुझे आश्चर्य उस दिन हुआ जब माननीय लाल बहादुर शास्त्री जी का मैं ने एक चित्र देखा। वे भी ठुमकियां लगा रहे हैं। उन्होंने तो संस्कृत पढ़ रखी है। हमारे नेहरू जी तो कई बार ठुमकियां लगा लिया करते थे। उन के चित्र तो हम कई बार देख चुके हैं। लेकिन जब शास्त्री जी को मैंने इस तरह करते हुए चित्र में देखा तो मेरा माथा

नीचा हो गया । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इस प्रकार के लोग, आगा पीछा हिलाने वाले लोग, मुह मटकाने वाले लोग कभी वीर और बहादुर हो सकते हैं ? जिस को आप कला कहते हैं इस से तो हिजड़ापन, नपुंसकता, भोग विलास आदि आ सकता है, देश की उन्नति कभी नहीं हो सकती है । यह लड़कियों को नाचना सिखा रही हैं । इसी चीज की कसर बाकी रह गई थी और इस को भी आप ने पूरा कर दिया है । इस में यह सब कुछ लिखा हुआ है, आप इस को पढ़ सकते हैं । मेरे पास इतना समय नहीं है कि यह सब कुछ आप को पढ़ कर सुनाऊं । कितना रुपया इस पर आप खर्च करते हैं, यह इस में सब लिखा हुआ है ।

आप देखें कि अंग्रेजी जिस को आप रखना चाहते हैं केवल दो प्रतिशत लोगों की भाषा है । दो प्रतिशत लोग ही इस को बोल सकते हैं । अभी कम्युनिस्ट सदस्या बोल रही थीं । वह डैडी ममी बोल रही थीं । कह रही थीं कि लोग अपने घरों में डैडी ममी कहते हैं । मैं चाहता हूं कि वह जरा देहातों में जायें और देखें कि वहां क्या स्थिति है । देहात वाले यह भी नहीं जानते हैं कि डैडी ममी किस कुत्ते बिल्ली का नाम है । कठिनाई यह है कि ग्रामीण लोग, ग्रामीण लड़के आप का मुकाबला कभी भी नहीं कर सकते हैं क्योंकि उन को डैडी ममी नहीं आता है । वे तो माता जी और पिता जी कहते हैं । जब वे स्कूल में आते हैं तो उन को एक एक शब्द रटना पड़ता है । उन को रटना पड़ता है कि डैडी का अर्थ पिता से है, ममी का अर्थ माता से है और हसबैंड का अर्थ पति से है । उन को एक एक शब्द रटना पड़ता है । जिन को इस तरह से रटना पड़ता है वे किस तरह से शहर के लोगों का मुकाबला कर सकते हैं । आप अंग्रेजी क्यों रखना चाहते हैं ? क्या आप इस को इसलिये नहीं रखना चाहते हैं कि गिने चुने अंग्रेजी के और अंग्रेजों के पिट्ठू जो कि बाज की तरह से शासन की बागडोर अपने हाथ में थामे हुए हैं, वे इस को अपने हाथ में बनाये रखना चाहते हैं और बाद में अपनी औलाद को शासन की बागडोर दे जाना चाहते हैं ? इस के सिवा और कोई बात नहीं है । लेकिन यह असम्भव बात है । यह होगी नहीं । इस को हम चलने नहीं देंगे ।

सभापति महोदय : अब स्वामी जी खत्म करने की कोशिश करें ।

श्री रामेश्वरानन्द: अपनी पार्टी की तरफ से मैं अकेला वक्ता हूं । मुझे पूरा समय मिलना चाहिये । घंटियां तो पहले भी बहुत बजती रही हैं । अब भी आप बजाती जा सकती हैं । लेकिन मुझे पूरा समय दिया जाए ।

सभापति महोदय: पूरा समय दिया जा रहा है आप को स्वामी जी ।

श्री रामेश्वरानन्द : शिक्षकों की क्या हालत है । इस को आप देखें । शिक्षक आज अनशन करने के लिये बैठते हैं । दिल्ली के शिक्षकों को तो मिलने का समय दिया गया, उन की मांगें तो मानी गयीं। लेकिन मैं पूछता हूं कि क्या वजह है कि शिक्षकों को पेंशन न मिले । शिक्षक राजे बनाते हैं, महाराजे बनाते हैं, राष्ट्रपति बनाते हैं, मुख्य मंत्री बनाते हैं । ऐसी स्थिति में गुरु भूखे मरें, गुरुओं की यह दुर्दशा हो तो मैं पूछना चाहता हूं कि उन के शिष्यों का कल्याण कैसे हो सकता है ।

एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि खेल कूद पर बड़ा पैसा खर्च कियाजाना चाहिये । क्या काम होता है खेलकूद से ? व्यायामशाला की तो बात उन्होंने नहीं की जिस से शरीर बढ़े । आप को चाहिये कि आप व्यायामशालायें खोलें, लड़के लड़कियां व्यायाम करें ताकि वे बलिष्ठ बन सकें । खिलाड़ी कभी कोई बना है क्या, गामा पहलवान ये नहीं बन सकते हैं । जितने ये लड़के लड़कियां खेलते हैं, ये आवारा हो जाते हैं, जब लड़के का पंख लड़की पर पड़ता है तो वह लड़की को भी खराब करता है ।

एक माननीय सदस्य: आप गलत बात बोल रहे हैं ।

श्री रामेश्वरानन्द: आप व्यायाम करें और परिणाम देखें । जितना समय आप हाकी खेलते हैं उस से आधा समय भी आप व्यायाम करें तो हृष्टपुष्ट हो जायें । मैं व्यायाम का पक्षपाती हूं, मैं प्राणायाम का पक्षपाती हूं, ब्रह्मचर्य का पक्षपाती हूं । जितने हमारे लड़के आज की पद्धति से पढ़ते हैं वह भ्रष्ट हो जाते हैं, दुश्चरित्र हो जाते हैं । मैं आप से कहना चाहता हूं कि अगर आप इस तरह से देश को आगे ले जाना चाहते हैं तो वह नहीं जायेगा । आज पंजाब की क्या स्थिति है, यह मैं मंत्री महोदय के कान में डालना चाहता हूं आप के द्वारा । मैं चाहता हूं कि वह इस को सुन लें । मैं करनाल से आता हूं । सारे करनाल में कहीं पर भी देहात में कोई हायर सेकेन्डरी स्कूल नहीं है । मैं ने पंजाब सरकार से मांग की तो वह कहती है कि हम एक एम०एल०ए० के क्षेत्र में एक स्कूल देने के लिये तैयार हैं चाहे मिडिल ले लो चाहे हाई ले लो । पंगाब में हरियाना पिछड़ा हुआ है । और हरियाना में करनाल पिछड़ा हुआ है । आप एक स्कूल देंगे मिडिल तो बतलाइये कि 50, 100 मील के क्षेत्र में रहने वाले लड़के कैसे पढ़ सकेंगे । वह आज अनपढ़ हैं, शिक्षा में पीछे हैं ।

एक माननीय सदस्य: आप ऐसे स्कूल ले कर क्या करेंगे ?

श्री रामेश्वरानन्द: उच्च शिक्षा जो आप के पास है वही तो हमें मिलेगी । आप के पास जो है वह दे दें हम उसे शुद्ध कर लेंगे ।

सभापति महोदय: मैं स्वामी जी से कहना चाहती हूं कि दूसरे सदस्यों को जवाब देने की आवश्यकता नहीं है । उन का समय बहुत कम है ।

श्री रामेश्वरानन्द: मैं निवेदन करना चाहता हूं कि सभापति महोदय का अनुशासन थोड़ा ढीला ढाला है इसलिये उधर से लोग बोल रहे हैं ।

मैं शिक्षा के सम्बन्ध में चाहूंगा कि जिस तरह से प्राचीन काल में गांव गांव में शिक्षा होती थी उस तरह से हो । पहले एक ब्राह्मण गांव में बैठा होता था और कोई लड़की लड़का वहां पर पढ़े बिना नहीं रह सकता था । हमारे यहां सन् 1962 में चुनाव हुआ । उस में 75 प्रतिशत स्त्री पुरुष अनपढ़ थे । अनपढ़ जिन के लिये काला अक्षर भैंस बराबर था । अब जिस देश में 75 प्रतिशत अनपढ़ स्त्री पुरुष बैठे रहते हैं वहां के लिये आप व्यवस्था करें बड़े बड़े कालिजों की, उन लोगों के लिये जिन के पास पहनने के लिये कपड़ा नहीं है, भोजन नहीं है, पुस्तकालय नहीं, जिन देहातों के लोगों के लिये आप की वेश भूषा बनाना भी मुश्किल है, तो कैसे काम चलेगा । क्या इस तरह से वे लोग आगे आ सकेंगे । आप की शिक्षा पद्धति के आधार पर वह कभी भी शिक्षित नहीं बन सकेंगे । यह मैं आप से निश्चित और निर्विवाद रूप से कह देना चाहता हूं ।

सभापति महोदय, आप की घंटी की अवहेलना मैं नहीं करता । मैं आप का सम्मान करता हूं । इसलिये मैं बहुत अधिक नहीं बोलना चाहता । मैं यही कहूंगा कि मंत्री महोदय जरूर ध्यान दें पंजाब की तरफ । जब मैं कहता हूं कि इधर ध्यान दो तो कह दिया जाता है कि यह प्रान्त का मामला है । जब मैं प्रान्तीय सरकार के पास जाता हूं तो वहां के मंत्री कहते हैं कि हम एक स्कूल दे देंगे, चाहे मिडिल ले लो चाहे हाई ले लो । यही स्थिति रही तो हम किस तरह से शिक्षित हो सकते हैं ।

मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि सस्ती शिक्षा की अपेक्षा आप फीस अधिक कर

सकते हैं । अगर आप ग्रामीण लोगों को पढ़ाना चाहते हैं तो भले ही आप उनकी फीस अधिक कर दें, लेकिन पढ़ने का अवसर अवश्य दें । फिर जो आप के फीस के नियम हैं उन में भी मैं थोड़ा सा संशोधन करना चाहता हूं उसकी ओर भी आप ध्यान दें । जब हम दूध निकालने वालों को देखते हैं तो पाते हैं कि जितना दूध दे सकती है गाय या भैंस उतना ही दूध वह निकालता है । वह कभी बैल या झोंटा के नीचे नहीं बैठता । लेकिन आप की यह व्यवस्था है कि सब को उतनी ही फीस देनी पड़ेगी । यह ऐसे ही है जैसे कि झोटे के नीचे बालटी लेकर बैठना होता है । संस्कृत के सम्बन्ध में मैं एक प्रकरण कह कर समाप्त करना चाहता हूं । कोई भिखारी था वह गांव में जाया करता था भिक्षा मांगने के लिये । एक बुढ़िया बड़ी अड़ियल थी । कभी भिक्षा नहीं देती थी । जब कई दिन तक भिखारी ने तंग किया तो बुढ़िया को गुस्सा आ गया और उसने चूल्हे से राख उठा कर भिखारी की झोली में झोंक दिया । पड़ोसी स्त्री ने उससे कहा कि यह क्या किया । भिखारी की सारी भिक्षा ही नष्ट कर दिया । भिखारी ने बुढ़िया से कहा धन्यवाद । पड़ोसिन ने कहा कि उसने तो तुम्हारी भिक्षा खराब कर दी और तुम कहते हो धन्यवाद । भिखारी बोला कि कोई बात नहीं, पहले इसकी आदत नहीं थी, अब आदत पड़ गई है । इसी तरह से मैं धन्यवाद दूंगा कि पहले तो आप संस्कृत के लिये कुछ देते नहीं थे, लेकिन अब आदत पड़ गई है । कम से कम इसी दृष्टि से वह उसे कुछ देने की कृपा करें ।

Mr. Chairman: Now, Shrimati Minimata.

Dr. M. S. Aney (Nagpur): I want to bring to your notice one thing. It is now about 3.30 p.m., and at 5 p.m. the hon. Minister will be called upon to reply. I have been standing at the end of every speech to catch the eye of the Chair, whoever may be in the Chair. But I find that the Chair has eyes for everybody else but not for me.

श्रीमती मिनीमाता (बालोदा बाजार) : सभापति महोदय, सबसे पहले मैं आपका ध्यान प्रारम्भिक शिक्षा की तरफ आकर्षित करना चाहूंगी । प्रारम्भिक शिक्षा हर स्त्री पुरुष के लिये जरूरी है । यह उसी तरह से है जैसे कि वृक्ष जड़ से मजबूत होता है । प्रारम्भिक शिक्षा मनुष्य के लिये जड़ के समान है । हम हिन्दुस्तान के बहुत से देहाती क्षेत्रों में महाविद्यालय और ग्रीष्म विद्यालय खोलने की बात सोचते हैं किन्तु इससे हमारे देहात के लोग शिक्षित नहीं हो सकते और न उनको सभ्यता मिल सकती है । मैं समझती हूं कि जहां पर देश के 80 फी सदी लोग बसते हैं वहां शिक्षा और सभ्यता का पहुंचना बहुत जरूरी है । इसलिये सबसे पहले मैं प्रारम्भिक शिक्षा की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं । अभी प्रारम्भिक शिक्षा देहातों में इतनी कम है जिसका कोई हिसाब नहीं है । हमारे मध्य प्रदेश में लगभग 36 हजार गांव ऐसे है जहां एक भी स्कूल नहीं बना है । सब प्रदेशों के शिक्षा मन्त्रियों की बैठक यहां हुई थी । उसमें निर्णय लिया गया गया था कि जितने पिछड़े एरिया है प्रारम्भिक शिक्षा के सम्बन्ध में उन सब को सहायता दी जायेगी । हमारा मध्य प्रदेश 6 पिछड़े हुए प्रदेशों में एक है । मध्य प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र की प्रगति को जब हम देखते हैं तो ऐसा महसूस होता है कि वहां इस पंचवर्षीय योजना में भी हम पिछड़े रहेंगे । इस तरह से प्रारम्भिक शिक्षा की अवहेलना करना पेड़ की जड़ में पानी न देकर उसके फल को पानी देने के बराबर है ।

जहां पर प्रारम्भिक शिक्षा है भी वहां पर मैं इस बात की ओर थोड़ा ध्यान दिलाना चाहती हूं कि आजकल शिक्षा में इतनी पुस्तकें हो गई हैं जिन को समझने की बच्चों में बुद्धि भी नहीं है । दूसरी और तीसरी कक्षा में बच्चों के पास दस दस पुस्तकें हैं । उन लोगों को विज्ञान भी पढ़ाया जाता है । छः सात वर्ष के

[श्रीमती मिनीमाता]

बच्चे स्त्री पुरुष के भेद को समझ नहीं सकते। लेकिन उन को समझाया जाता है कि नर फूल होता है और मादा फूल होता है। तितली नर फूल में से पराग ले जाकर मादा फूल में कैसे रखती है और मादा फूल फिर कैसे बच्चे देती है, यह उन को बतलाया जाता है। यह क्या विज्ञान है जिसको छोटे बच्चे क्या बड़े बच्चे भी नहीं समझ सकते। जब से हमारी पाठ्य पुस्तकों का राष्ट्रीयकरण हुआ है तब से इस तरह की पुस्तकें रक्खी गई हैं। मैं इस चीज को उचित नहीं समझती। पहले जब हम लोग स्कूलों में पढ़ते थे तब यह बात नहीं थी। मैं बहुत अधिक स्कूल में पढ़ने का सौभाग्य तो नहीं प्राप्त कर सकी लेकिन फिर भी जब मैं नवीं कक्षा में पढ़ती थी तब मेरे पास छः, सात या आठ पुस्तकें थीं। एक गणित, दूसरी भाषा, तीसरे भूगोल, ग्रामर और इंग्लिश। परिणाम यह होता था कि साल भर में बच्चे दो तीन बार शुरू से लेकर अन्त तक पढ़ जाते थे। किन्तु आजकल इतनी पुस्तकें बच्चों के लिये आपने रख दी हैं कि बच्चे आधी पुस्तक भी नहीं पढ़ सकते हैं। मुझे इस का व्यक्तिगत अनुभव है। मेरा ही बच्चा है जिसका मैं उदाहरण देती हूं, दूसरे का नहीं। वह अब नवीं कक्षा में पढ़ रहा है, उसके पास कम से कम पन्द्रह पुस्तकें हैं। छः महीने में वह कैसे पन्द्रह पुस्तकें पढ़ सकता है।

आज क्लासों में कोई विशेष पढ़ाई होती नहीं। सिर्फ नोट्स की सहायता से वह घर में आकर पढ़ते हैं। जिससे उनको किसी बात का पता नहीं होता। स्कूलों में दस महीने पढ़ाई होती है। दो महीने छुट्टी के निकल जाते हैं। उनमें से दो महीने त्यौहारों और दूसरी छुट्टियों में निकल जाते हैं, दो महीने मिनिस्टरों और नेताओं आदि के फंक्शन्स में निकल जाते हैं। इस तरह से सिर्फ चार छः महीने बच जाते हैं। इतने कम समय में बच्चा क्या बुद्धिमान हो सकता है। आज की मशीनरी के युग में बच्चों के दिमाग को भी आप मशीन बनाना चाहते हैं। मैंने देखा है कि छः छः वर्ष के बच्चों को इतने स्कूलों में नोट्स लेने पड़ते हैं जितने कि वह पढ़ भी नहीं सकते हैं। छः वर्ष के बच्चे माताओं के पास बैठ कर पढ़ना चाहते हैं। आप ही बतलाइये कि मां अपने घर की गृहस्थी सम्हाले या छः और सात वर्ष के बच्चे को लेकर पढ़ना सिखलाये। ऐसा ही है तो उसको स्कूल क्यों भेजा जाये इसका कारण मेरी समझ में नहीं आता है। मैं मन्त्री महोदय से प्रार्थना करूंगी कि प्रारम्भिक शिक्षा की ओर अधिक ध्यान दिया जाये।

विज्ञान की पुस्तकों की जो बात मैंने कही है, उन की ओर भी आप को जरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप इस तरह से छोटे बच्चों को विज्ञान पढ़ाने की कोशिश न करें। मैं सब जगह घूमती हूं। देहातों में भी जाया करती हूं। मैंने कई बार ऐसा देखा है कि जो आठ या नौ वर्ष के लड़की लड़के होते हैं उन को भी पता नही होता कि नर और मादा क्या होता है। इसलिये नर फूल और मादा फूल के बारे में छोटे बच्चों को पढ़ाने से क्या लाभ है? मैंने जिला शिक्षा अधिकारी से पूछा कि आपने ऐसी पाठ्य पुस्तक छोटे क्लासों के लिए क्यों रख दी, तो उन्होंने कहा कि अध्यापक बेवकूफ हैं, उनको प्रैक्टिकल शिक्षा के लिए बच्चों को बगीचों में ले जाना चाहिए। पर हमारा तो वह गरीब एरिया है, वहां दिल्ली की तरह बाग कहां हैं जिनमें शिक्षक बच्चों को ले जावें। वहां बगीचा देखने को नहीं है। तो इस तरह की पाठ्य पुस्तकों का रखा जाना मुझे पसन्द नहीं है।

मेरा विचार है कि जब तक आप महिला अध्यापिकाओं को गांवों में नहीं भेजेंगे तब तक बच्चों की पढ़ाई अच्छी तरह से नहीं चल सकती। लेकिन महिला अध्यापिकाएं गांवों में इसलिए नहीं जाना चाहतीं कि उनको रहने का स्थान नहीं मिलता। अगर किसी अध्यापिका को गांव में भेजा जाता है, तो

दो महीने बाद ही वह मेरे पास आती है और कहती कि हमारा स्थानान्तरण शहर को करवा दीजिए। मैं उनसे कहती हूं कि तुम मां बन कर यहां आयी हो, तुम को बच्चों को पढ़ाना है, तुम शहर क्यों जाना चाहती हो, तो वे कहती हैं हम को मकान नहीं मिलता रहने के लिए और अगर किसी दूसरे के मकान में रहते हैं तो हमारा चरित्र सुरक्षित नहीं रह सकता। लाचार होकर हमें उनको शहर में भेजना पड़ता है। मैं मन्त्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि वे ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को प्राथमिक स्कूलों में अध्यापिकाओं के रूप में भेजें।

गृह विज्ञान की शिक्षा का जहां तक सम्बन्ध है, मेरा सुझाव है कि इसको केन्द्रीय सरकार अपने हाथ में लेकर चलावे। जिलों में इसके लिए कुछ इन्तिजाम है लेकिन मेरा सुझाव है कि हर जिले में एक महाविद्यालय होना चाहिए। क्योंकि इस समय जिलों में इसकी फैकल्टी नहीं है, इसलिए लड़कियों को कठिनाई होती है और गरीब लड़कियां उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं क्योंकि वे बाहर जाने का खर्चा नहीं उठा सकतीं। और इस कारण अच्छी गृहिणी और अच्छी माता और देश के लिए अच्छी महिला नहीं बन सकतीं। आप रायपुर के महिला कालिज को ले लीजिए। वहां गृह विज्ञान है, लेकिन फैकल्टी नहीं। यह होनी चाहिए।

बहुत से अध्यापकों की बकाया रकम मिलने को थी। वह कुछ को तो दे दी गयी है, पर कुछ अभी तक लटके हुए हैं। मेरा मंत्री महोदय से निवदन है कि मध्यम वर्ग की लड़कियों तथा हरिजनों और आदिवासियों की लड़कियों को मैट्रिक तक निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की जाए।

संस्कृत के बारे में अनेक माननीय सदस्यों ने अपने विचार आपके सामने रखे हैं। मैं भी अपने अनुभव से कहती हूं कि संस्कृत का काम विज्ञान की शिक्षा में तो कम आता है, उसमें तो ज्यादातर हिन्दी चलती हैं। लेकिन मेरा सुझाव है कि जो आर्ट्स के विद्यार्थी हैं उनके लिए तो संस्कृत अनिवार्य होनी चाहिए ताकि वे संस्कृत के साहित्यिक और पंडित बन सकें।

मैं अब वरदी के बारे में कुछ निवेदन करना चाहती हूं। वरदी का खर्चा कम आमदनी वालों के लिए भारी हो जाता है। मान लीजिए कि किसी के चार बच्चे हैं और उसकी तनख्वा 100 रुपया मासिक है। स्कूल से वरदी का आर्डर आता है तो उसके चार बच्चों के लिए वरदी बनाने पर 60 रुपया खर्च करना पड़ेगा। आप सोचें कि इसके बाद वह चालीस रुपए में महीने भर अपना खर्च किस प्रकार चलावेगा। मेरा सुझाव है कि इस भार को केन्द्रीय सरकार को अपने उपर लेना चाहिए।

हमने देखा है कि स्कूलों में अध्यापक पार्टियां और गुट बनाते हैं। जब अध्यापक ऐसा करेंगे तो वे विद्यार्थियों को अच्छा नागरिक और अच्छा मनुष्य कैसे बना सकेंगे।

पिछड़े हुए क्षेत्रों में अपाहिज बच्चों की शिक्षा का भार यदि केन्द्रीय सरकार ले ले तो तो बड़ी कृपा होगी।

सरकार साहित्यिकों को भी सहायता देती है। इस सम्बन्ध में मुझे कहना है कि राजनाद गांव में हिन्दी के एक प्रसिद्ध कवि गजानन माधव मुक्तिबोध रहते थे। जब वे बीमार पड़े तो प्रधान मन्त्री ने व्यक्तिगत दिलचस्पी लेकर उनके इलाज के लिए सहायता की थी। मगर यह सहायता उनको देर से मिली। उनका देहान्त हो गया। अब साल भर से उनके परिवार को सौ रुपया महीना की सहायता मिलती है। मगर उनका परिवार बड़ा है। इसलिए मैं प्रार्थना करूंगी कि उनकी सहायता थोड़ी बढ़ायी जानी चाहिये।

Mr. Chairman: Dr. M. S. Aney.

Dr. M. S. Aney: May I have your permission to speak sitting?

Mr. Chairman: Yes.

Shri Shree Narayan Das (Darbhanga): Before the hon. Member starts, may I request that the time should be extended because, it is an important subject? The hon. Minister may reply to the debate tomorrow. The hon. Speaker may be requested to increase the time for this discussion.

Dr. M. S. Aney: Within the limited time at my disposal, I want to mention only a few small points; I do not wish to make a long speech.

The portfolio of education is undoubtedly a very important one. The hon. Minister who is in charge of it has shown a commendable spirit of dealing with the subject in a dynamic manner. In a short time, he has actually tried to review the whole position of education in the country and has thought fit to seek the best advice as to what the future progress of education should be and in pursuance of that has constituted a commission of experts to investigate and report. I shall touch on that question a little later. But in the first place, I express my appreciation for the efforts he is making in trying to give education a proper direction as to its future progress here.

In my opinion, education is intended not only to make men fit to earn their livelihood but also to become proper citizens and men of character. This is the real object and purpose of education. Therefore, among the subjects in which the students should be trained, there should be some provision for teaching them about what their culture is, what their surroundings are, what their duties are towards their fellowmen in the country and towards people outside. From this point of view, the study of the humanities is of great importance.

Unfortunately, in providing for technical education, even the universities are practically neglecting training in humanities. Our students in universities are not getting sufficient encouragement to study the humanities. Whatever may be the recommendations that may be made by the Commission later on, the study of the humanities is essential for the sake of instilling in the students a sense of their duties as citizens, how they should behave to their countrymen, to other people, what should be their relations with others and so on. If they are to discharge their duties in these respects satisfactorily, there should be proper training for them in the humanities.

Training in humanities naturally implies that the student must have training in the religion in which he was brought up. He must also have training in the religions of other people, to inculcate in him a catholicity of outlook.

15.40 hrs.

[SHRI THIRUMALA RAO *in the Chair*]

At present that position does not exist in university education. I want to urge on the hon. Minister that he should be particularly careful to provide for this outside the university or school by encouraging certain institutions which can take this up and supplement the education that the boy is getting in the school or university, by giving him knowledge of his religion. I know we are a secular State, but a secular State as I have understood it—that is logical and our late Prime Minister had also stated it—does not mean that we want the boys to be without religion or religious training. On the other hand, we want the State to respect all religions alike. So also, we want the boy to be trained in his own religion and to follow his own religion, while having the same respect for the religions of others. A kind of toleration for other religions and devotion to the principles of one's own religion is an essential necessity for making a man a truly useful person, useful not only to himself and to his country but to humanity at large. Hence the importance of humanities.

Bearing this in mind, I have tabled some cut motions saying that the

funds provided by the Education Ministry for certain things mentioned therein are inadequate. Not that nothing is done, but I say that greater attention should be paid to that.

I first bring to the notice of the hon. Minister one point which may not strike anybody in this House at all. I went to Ceylon. People of Indian origin are there all over the country. I found that there were 9 lakhs of plantation workers and their boys could get education only to the primary level at the most. There was no further scope for education, and they could become nothing more than labourers. I was successful in starting a fund at that time, and ultimately a statute was passed and the fund was reconstructed, and I am glad to say that on my recommendation the Government of India were pleased to sanction them annually a certain amount of money, about Rs. 7,000. The fund consists of more than Rs. 1 lakh; besides, there are some contributions of other people also. I only want to make a suggestion. In view of the fact that they are boys whose parents, most of them, have been turned out as Stateless persons, in view of our feeling for them, the donation should not only continue, but should be increased by a few thousand rupees. Instead of Rs. 7,000 it may be Rs. 10,000, if possible.

Another suggestion which I want to make is this. I do not want to quote figures, but there are certain institutions to which I want to draw the particular attention of the hon. Minister. When I was in Bihar, I had the benefit of coming in contact with pandits and men of learning there, and with their help I was able to start a Sanskrit Education Institution at Darbhanga, and another institute for the study of Pali and Buddhist literature at Nalanda. Those institutions are there, but the Government of India probably does not get any information about the work those institutions are doing, because in this Report there is no mention of them. I wish that the Government of India makes a special enquiry about all these institutions which have been especially engaged in propagating knowledge of Sanskrit all over India, as also Prakrit and other allied languages like Magadhi and so on.

There are a number of institutions like that. At least some kind of donation should be made for them, and connections should be established by the Central Government with these institutions because they do not serve one regional language; they spread knowledge which affects the very mind and culture of India as a whole. Therefore, they are doing the job of keeping up the national spirit of the people by devoting themselves to this work.

In that connection, there is another institution to which I want to make reference. I had a little talk with the hon. Minister about it also. It is the Vedic Samsodan Mandal of Poona to which a grant is being given by the Ministry of Education. There is a similar institution at Pardi run by our friend Shri Satavlekar. There is one at Hoshiarpur also. All these institutions are doing very good work. The Government of India is no doubt giving some help to them, but I want it to bear in mind that they are doing national work of great importance. Particularly in the case of the Vedic Samsodan Mandal, I want to bring to the notice of the hon. Minister that it is a unique institution propagating the study of Avesta. They are making arrangements for training people in the Avestan language, as well as reproducing Avesta in the Devanagiri script, and in that way making it available to those who want to have studies of Vedic and Avestan literature. The hon. Members know the great connection and relationship of the two culturally, and that without an understanding of both the propagation of Veda or Avesta is difficult. So, good work is being done, and I am glad to say that the Parsi community, which is a rich community, has made a good contribution to it. But I want the Government of India to take greater interest in that institution also.

[Dr. M. S. Aney]

About Hoshiarpur and Pardi, I can only say that these people are doing good work. If it had been done in other countries, it would have attracted great patronage, but in India today nobody takes note of these things.

Mr. Chairman: He should conclude now.

Dr. M. S. Aney: How much time have I got? I was not told in the beginning.

Mr. Chairman: I have given sufficient time. I have given more than the usual time that is allowed.

Dr. M. S. Aney: How many minutes can I have?

Mr. Chairman: You have exceeded the time already.

Dr. M. S. Aney: I shall leave out the other points. The hon. Minister can look into my cut motions, he will find the names there. I will leave them for his careful consideration. I only want to say one thing about the language question, and I will finish in three minutes.

There is no need to have an amendment of the Official Languages Act. Provision has been made in that Act for the use of English language in pursuance of the assurance given by the former Prime Minister, and an assurance has been given by the present Prime Minister also. All that is needed is to see that no hasty steps are taken to rouse the suspicion in the minds of our non-Hindi-speaking people that Hindi is being imposed upon them. But, short of that, one thing has to be borne in mind and that is this. Both that Act and the Constitution of India contemplate that English language has to go ultimately. It cannot remain in this country in the position of an official language. There should be no foreign language among with Hindi as the official language. The period for which it should be there is a matter you have to think of. Therefore, the period of ten years was fixed in the Act, and that has to be kept, not with this view that at the end of ten years you may be immediately able to instal Hindi and abolish the use of English. Not that. The period is given with a view to see that the entire machinery of the Government of India as well as the educational machinery of the States works in such a way as to make Hindi sufficiently rich and valuable, so that it can be a medium of higher learning and we can make it the *Rashtra bahsa*. That has to be encouraged more and more. An impression has gone round at present; the hon. Minister will excuse me for saying that, he makes statements in reply to questions from this side and they create the impression that English is likely to be in the present position for an indefinite period. Let English language remain. But about the link language, I shall say only one sentence.

Mr. Chairman: Hon. Member should conclude.

Dr. M. S. Aney: English language was neiher the link language of the people of India nor can it ever be in that position. There is a wrong impression that because of English language a sense of patriotism grew up and national movements were started and we ultimately attained independence. When the movement took a serious turn, it was not the English knowing public, the English-knowing two per cent fellows that came there. It was the leaders like Mahatma Gadhi, Tilak, Lajpat Rai, and Bipin Chandra Paul, who spoke to the people in their language; only then they galvanised the whole country; it was the vernacular press that reached the masses. They used the regional languages, their mother tongue to appeal to the people and to turn the idols of clay into living warriors. English language was the link language only for a few educated persons to talk among themselves or talk to the judges in courts. Because of that, it gives them the ideology to look at the west for everything and gorget what we were.

Mr. Chairman: The hon. Member should conclude.

Dr. M. S. Aney: I hope the proper situation would be understood and that the hon. Minister of Education will give a proper orientation to education.

Shri Shinkre (Marmagoa): Are you going to extend the time for the debate?

Mr. Chairman: Yes. It will be extended upto 6 O'clock. The hon. Minister will reply tomorrow.

श्री हं० च० सोय (सिंह भूमि) : मैं ने कल ही अपना नाम दे दिया था ।

Shri P. R. Patel (Patan): I would like to know one thing. Is the same procedure followed or the Chair follows different procedures?

Mr. Chairman: Order, order. Unless there is a point of order, I do not want any interruptions. I have called Acharya Kripalani.

Shri J. B. Kripalani (Amroha): Mr. Chairman, I am afraid ever since we got our independence the idea of education and changes in the system of education has been misconceived. Sir, we received this education that is being given today but when we received it we thought that we were benefiting the nation and benefiting ourselves. Today voices are raised that this education is no good. It turns our young people into wild colts without any discipline, without any goal in life. It is necessary, therefore, to go to the very fundamentals that make for education. Education has a double purpose. One is to socialise the growing child, the other is to give him the knowledge that would fit him for the tasks in life that he will have to undertake. The social education of introducing a new inmate in society, in the ways of society, begins with one's birth. It is continued all through one's life. Even the prospective revolutionary has got to be trained in the ways of his society because no revolutionary works on the scale of the whole world. His canvas is limited, to begin with, to his nation, and if he wants to proceed further then he can do so from the standpoint of his nation. Therefore, every effort is made by the father and the mother, then by the teacher and then by the society to socialise the human being.

As soon as there is an effort to bring another social order automatically education changes. For instance, we had an ancient system of education in India. It went on. But when Buddhism and Jainism came into their own they changed that system of education and introduced a new one. Muhammed had a system of education which was different from the tribal system of education in which he was brought up because he wanted to consolidate Arabia and also go beyond that to spread his faith. Anybody who has any mission in life must take up young people while they are growing. Christianity had its own system of education. Then we come to modern times. In Europe they also changed the system of education. There was the Industrial Revolution and the education was changed. In our own country, every national movement tried to change education according to the ideas that it had about the social system that the leaders were going to establish. It began with Swami Dayanand. He introduced the system of gurukuls. Why? Because he wanted the Indian society to be moulded in the shape in which it was moulded in the vedic times. Then there came other efforts. Our great poet, Rabindranath Tagore had an idea of how people should be brought up, what society should exist in India. He thought that people should line in joy and in beauty. He created his institution in Shanti Niketan to cater for the joy of life and for the beauty of life. Then there was the movement of the nationalists in Bengal. In Bengal they started with national education. Sir, if you will remember, the one great point of difference between the moderates and the extremists was on national education. The moderates wanted to keep the education that was going on at that time

[Shri J. B. Kripalani]

which had Europeanised us, which had made us black Englishmen, which was meant to produce clerks to assist our imperial rulers to carry on administration at cheap rates. These were the ends of our education. The nationalits of the movement of Bengal rejected this education. This was the one point on which there was a split in Surat. Then came the Home Rule Movement of Mrs. Beasant. Many nationalist schools and colleges were started in the wake of it. Then came Gandhiji's Non-co-operation Movement. Again, the question of education was tackled. Gandhiji was not satisfied with the way in which it was tackled. He tackled it again by bringing in the idea of basic education, where people can work and educate themselves—activity together with education; education wound round activity. The most scientific method of education ever introduced was first promulgated in Europe by Rousseau. Then it was followed up by many educational reformers.

16 hrs.

Unfortunately, when we got our independence, we thought the touch of independence will change our education, it will change our bureaucracy, as it will change our political set up, as it will change everything. We thought it was an Alladin's Lamp. Once the hindrance of British rule was removed, everything was solved. We thought that everything will change by the very touch of freedom, political freedom. But our political freedom has meant only the removal of one set of masters, white ones, for the coloured ones; all sorts of colours are combined in that.

Then, for improving the standard of education, what did they do? First, they appointed the University Education Committee. Then they discovered that university education is based on secondary education. So, they appointed a Secondary Education Committee. My hon. friend, Shri Chagla, will find that if he reads the old records. I am not caricaturing what his predecessors said or did. Then, they discovered that secondary education is based on primary education. So, they appointed a committee for that also. They appointed many committees. The present incumbent in office has destroyed many committees and substituted a few others.

Now, though we attained national freedom, we did not bring about a social revolution. We say that the social revolution is on the way. What we want by a social revolution is an egalitarian society. If we want an egalitarian society, our education should be strictly egalitarian. If it is not egalitarian, we cannot bring up the children in a society where they would work with each other as equals. Our society today is an aristocratic society; it is a medieval society; it is a feudal society. Everywhere you find hierarchy; hierarchy in the caste, hierarchy in the religion, heirarchy in wealth, hierarchy in education, hierarchy in bureaucracy. No Secretary would care to invite his Under Secretary even for a social party. No under secretary would ever think of inviting a superintendent or a clerk. We do not meet in clubs. In Europe people meet together and exchange views. There in the clubs there is equality; here there is no equality.

How do we treat our servants? How do we treat our porters? How do we treat them in the bazar? Where is equality? There is no equality. If you want to introduce equality, I submit as an old educationaist most of whose life has been passed in educating the young, that unless you tackle this problem and make your education not aristocratic but democratic so that everybody should get the same kind of education, you will not be able, I tell you, try as you will, whatever slogans you may raise, to produce an egalitarian society because the child has not grown up in the atmosphere of our egalitarian society but in a graded society.

This is the fundamental question which you have to solve. If the new Education Minister is really serious about this business—and I believe he is a serious man and he means business—the first thing that he has got to do is to abolish what are called public schools which are not public schools but which are class schools. He has to see that he replaces the missionary schools by public schools which are really public, in which everybody is educated alike, the rich and the poor. If there are any special schools for any persons, children must be selected for that purpose. Those who are able to have a dose of higher education and a superior kind of education must be selected by combing and they must be given scholarships whether they are poor or rich.

Today the rich get an education which the poor never get. In this way we cannot go on. We will go on from bungling to bungling. We will appoint committees and commissions and nothing will come out of it because the conception of education is misconceived, because we have idea what education means. That is one thing which is superior to anything else in the world. All your plans will fail, all your big schemes will fail, unless you tackle this question of education.

If you are thinking in terms of socialism, I do not know what socialism means but I know what egalitarianism means. I know what social justice means. Unfortunately, our Government is not serious about anything. It does not see that the country is going down and down. It does not see that the people are frustrated. It does not see that the people see no light at all. They do not see that people have no trust in them. They do not believe anybody's word because we have become the world's greatest humbugs. We talk in big words about moral precepts, but our conduct is very low, lower than those who do not talk in big moral terms.

I am sorry, I have to say all these things because I have worked for this country throughout my life and I do not want to see at the end of my life this country degenerating, degenerating internally and externally, that every man, woman and child is frustrated in this country. I say that if they want to do these things, they will have to be revolutionaries. This thing cannot be done by a little tinkering here and a little tinkering there, by the appointment of committees of highly paid specialists who know nothing about education, who have never worked in the national life of the country, who have seen nothing but have only read books and have no practical wisdom.

